<u>संदेश</u>

बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों और पूरे विश्‍व में भगवान बुद्ध के अनुयायियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

महात्‍मा बुद्ध ने लोगों को अहिंसा, प्रेम और करुणा की शिक्षा दी। उथल-पुथल से भरे विश्‍व में, उनकी शिक्षाएं, आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। महात्‍मा बुद्ध के विचार, सम्‍पूर्ण मानव जाति को नैतिक मूल्‍यों पर आधारित जीवन जीने की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्‍होंने सारी दुनिया को करुणा और सहिष्‍णुता का मार्ग दिखाया।

आइए, हम सब, महात्मा बुद्ध द्वारा दिखाए गए अष्टांगिक मार्ग पर चलने का संकल्प लें और अपने जीवन में, सदाचार का अनुसरण करते हुए शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं उन्नत भारत के निर्माण में योगदान करें।

****